ख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज मुकदमा संख्या :- 92/2023 रामेश्वर लाल बनाम गुगन राम वगै0	नम्बर य तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
.09.23	पत्रावली पेश हुई। वकील वादी उपस्थित। वकील वादी ने एक प्रार्थना पत्र बाबत दिये जाने इजाजत दावा वापस लेने व नया दावा पेश करने बाबत व दावा विड्रॉ का पेश किया। वकील वादी को प्रार्थना पत्र पर सुना गया। वकील कथन है कि दावा में प्रतिवादी संख्या 7 का देहान्त हो गया है तथा प्रतिवादिया संख्या 2 ने अपने हिस्से का हक त्याग कर दिया है जिससे दावे की नेचर बदल गई है। अतः वाद को आगे नहीं चला कर दूसरा वाद दायर करना चाहता है। प्रार्थना पत्र पर वकील वादी को सुना जाकर पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा वाद वादी आदेश 23 नियम 1 जा. दी. के प्रावधानों के तहत विड्रॉ करने की अनुमति दी जाती है। वादी नया वाद करने के लिए स्वतन्त्र है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा दाखिल दफ्तर हो।	